प्रेसनोट थाना एत्मादपुर आगरा।

थाना एत्मादपुर क्षेत्र में हुई लूट का सफल अनावरण करते हुये थाना अछनेरा पुलिस टीम द्वारा मुठभेड़ के दौरान 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से रु0 75,400/- सहित अन्य सामान बरामद....

दिनांक 12.07.2021 को वादी हर्ष वर्धन शर्मा पुत्र हरेन्द्र कुमार शर्मा निवासी पुरानी विजय नगर कालोनी जनपद आगरा ने थाना एत्मादपुर पर तहरीर दी कि आज सुबह मेरे पैट्रोल पम्प M/S राज ऑटो मोबाइल्स से मेरा कर्मचारी किशन सिंह तोमर पुत्र स्व0 बलवीर सिंह निवासी छलेसर जनपद आगरा पैट्रोल पम्प से रु0 5,23,000/- कैस स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया ब्रांच संजय प्लेस में मेरी गाडी हीरो मेस्ट्रो की डिग्गी में कैस रखकर जमा करने के निकला। जैसे ही किशन सिंह तौमर छलेसर पुल के नीचे से यू-टर्न लेकर रसोई रतन रेस्टोरेन्ट से करीब 50मीटर आगे निकला वहाँ पर चार लडके पहले से ही खड़े थे उन्होने रोक लिया और मेरी गाड़ी छीनकर आगरा की तरफ भाग गये। मेरा कैश भी मेरी स्कूटी में रखा था। इस सम्बन्ध में थाना एत्मादपुर पर मु0अ0सं0 265/21 धारा 392 भादवि पंजीकृत किया गया।

जनपद में लूट, छिनैती, अवैध असलाह आदि घटनाओं की रोकथाम व उपरोक्त घटना में संलिप्त अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आगरा के आदेशानुसार, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पश्चिमी के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी एत्मादपुर के सफल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी एत्मादपुर को टीम गठित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

पुलिस टीम द्वारा की गयी कार्यवाही का विवरण:-

इसी क्रमानुसार दिनांक 16.07.2021 को अछनेरा पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन हेतु थाना क्षेत्र में चैकिंग की जा रही थी, इस दौरान मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि थाना क्षेत्र में दो लूटरे जो पहले भी लूट की कई घटनाओं को अन्जाम दे चुके हैं, आज अवैध असलाह के साथ रुकनता की तरफ आ रहे हैं और दक्षिणी बाईपास पर किसी बड़ी वारदात करने की फिराक में है।

इस सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा कीठम अण्डर बाईपास पुल के नीचे चैकिंग प्रारम्भ की गयी। कुछ देर बाद एक मोटर साइकिल आती दिखाई दी। पुलिस टीम द्वारा रोकने का इशारा किया तो बदमाशों द्वारा भागने का प्रयास करते हुये पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा जवाबी कार्यवाही करते हुये बदमाश मोटर साइकिल छोड़ कर भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा चारों ओर से घेर घोट कर कर एक बारगी दबिश देकर भागते हुये बदमाशों को पकड़ लिया। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त हेमन्त उर्फ राजू पुत्र राजेन्द्र निवासी ग्राम रदोई थाना बल्देव

जनपद मथुरा उपरोक्त के कब्जे से रु0 75,400/- , 01 अदद अवैध तमंचा, 02 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस, 01 अदद मोटर साइकिल पैशन प्रो बरामद की गयी।

पूछताछ का विवरण:-

पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये अभियुक्त हेमन्त उर्फ राजू ने पूछताछ करने पर रुपयों के सम्बन्ध में बताया गया कि यह रुपये कि मैंने व मेरे साथ के0पी0 उर्फ कुवँर पाल पुत्र दलवीर निवासी नगला बरी थाना हाथरस गेट जनपद हाथरस व करन पुत्र नामालूम ने मिलकर छलेसर एत्मादपुर के पैट्रोल पम्प से रुपये ले जाने वाले व्यक्ति की रैकी की थी। दिनांक को 12.07.2021 को मैने व मेरे साथ के0पी0 उर्फ कुवँर पाल तथा करन ने छलेसर एत्मादपुर पैट्रोल टण्की के रुपये स्कूटी में ले जा रहे व्यक्ति की साधन रोड पर स्कूटी छीन कर भाग गये थे और रुपये लूट लिये थे। स्कूटी की डिग्गी में रु0 5,23,000/- मिले थे। मेरे हिस्से में रु0 2,000,00/- आये थे तथा बाकी रुपये खर्च कर दिये जिनमें रु0 75,400/- मेरे पास से आपने बरामद किये हैं।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:-

01.. हेमन्त उर्फ राजू पुत्र राजेन्द्र निवासी ग्राम रदोई थाना बल्देव जनपद मथुरा।

बरामदगी का विवरण:-

1. रु0 75,400 /-
2. 01 अदद अवैध तमंचा
3. 02 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस।
4. 01 अदद मोटर साइकिल पैशन प्रो।

आपराधिक इतिहास:-

- **अभियुक्त हेमन्त उपरोक्त:-**

1. मु0अ0सं0 227/2021 धारा 41,102सीआरपीसी व 307,411 आईपीसी थाना अछनेरा आगरा।
2. मु0अ0सं0 229/2021 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना अछनेरा आगरा।
3. मु0अ0सं0 313/2020 धारा 411,414 आईपीसी थाना सादाबाद जनपद हाथरस।
4. मु0अ0सं0 169/2020 धारा 380 आईपीसी थाना उद्योगनगर जनपद भरतपुर राजस्थान।
5. मु0अ0सं0 139/2020 धारा 379 आईपीसी थाना हाईवे जनपद मथुरा।
6. मु0अ0सं0 42/20 धारा 498ए,323,506 आईपीसी, 3 / 4 डीपी एक्ट थाना वल्देव मथुरा।
7. मु0अ0सं0 56/2019 धारा 498ए,323,506 आईपीसी, 3 / 4 डीपी एक्ट थाना सादाबाद हाथरस।
8. मु0अ0सं0 265/2021 धारा 392,411 आईपीसी थाना एत्मादपुर आगरा।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-

1. SHO श्री उदयवीर सिंह मलिक थाना अछनेरा जनपद आगरा।
2. निरीक्षक श्री नरेन्द्र सिंह प्रभारी सर्विलांस मय टीम जनपद आगरा।
3. उ0नि0 श्री कुलदीप दीक्षित प्रभारी एसओजी टीम आगरा
4. उ0नि0 श्री योगेश कुमार प्रभारी चौकी किरावली थाना अछनेरा जनपद आगरा।
5. उ0नि0 श्री मनोज कुमार नागर प्रभारी चौकी अरदाया थाना अछनेरा जनपद आगरा
6. का0 पवन पालीवाल, का0 सत्यम यादव, का0 सोनू कुमार, का0 हरीओम अवस्थी थाना अछनेरा जनपद आगरा
7. है0का0 रियाज खान, का0 विपिन कुमार, का0 लोकेश कुमार, का0 मुकुल शर्मा, का0 वसीम अकरम, का0 राकुल, का0 मानवेन्द्र उपाध्याय एसओजी टीम जनपद आगरा ।

मीडिया सेल जनपद आगरा।